# I.B.(PG) COLLEGE PANIPAT

Estd. 1956




E - ENVIRONMENTAL. C - CONSERVATION. O - ORGANIZATION

# ECO-CLUB

## Our Team

Mr. Pawan Kumar : Convener

Ms. Anjali Gupta : Co-convener

Mr. Ashwani Gupta : Member

Mr. Vinay Bharti : Member

Ms. Anjushree : Member

Ms. Rajni : Member

Ms. Mamta : Member

# ECO-CLUB

## INITIATIVE TOWARDS SUSTAINABILITY :-

**Vision:- Ecoclub aims to increase the awareness among students regarding environmental issues.**







**Zero Waste Mission – Use a set of Three Dustbins (Red, Green and Yellow) for recycling the wastes in the college.**

# ECO-CLUB

**On the occasion of Basant Panchami celebration Mehandi and Paper Moulding competitions are organised.**






## Activities









मेहंदी में नेहा, पेपर मोल्डिंग में स्वाति त्यागी अव्वल

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया वसंत पंचमी का उत्सव

संवाद न्यूज एजेंसी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। उत्सव की थीम पीले रंग की थी और इसी कारण सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने पीले रंग के वस्त्र धारण किए। मेहंदी और पेपर मोल्डिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मेहंदी में नेहा और पेपर मोल्डिंग में स्वाति अव्वल रहीं।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग को इको क्लब के सभी सदस्यों को पौधा भेंट करके सम्मानित किया। पेपर मोल्डिंग में बीएससी तृतीय वर्ष से स्वाति त्यागी प्रथम रहीं। युक्ता ने द्वितीय स्थान एवं बीसीए से रोबिन पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा प्रथम रहीं। मोनिया द्वितीय और पायल व माफी तृतीय रहीं। मंच संचालन प्रो. अंजलि गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ. शशि प्रभा, डॉ. किरण मदान एवं डॉ. पूनम मदान रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका को डॉ. निधान सिंह एवं डॉ. विक्रम कुमार ने निभाया।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में सरस्वती गीत पर नृत्य करती हुए छात्राएं।। संवाद

# ECO-CLUB



EDUCATION NOTES

PROGRESSIVE FARMING SETUPS

**Panipat:** A group of 50 students from IB Postgraduate College, Panipat, visited progressive farming setups in Bajana village of Sonepat district. This visit to mushroom cultivation and strawberry farming setups being run by local farmers provided the students with plenty of practical information about these promising food crops. They learnt the cultivation strategies starting from the basics to the end process. The contingent was led by Prof Pawan Kumar in coordination with Dr Nidhan Singh and other faculty members. Dr Ajay Kumar Garg, principal motivated the students to be a part of such enriching field trips.



## Educational Field Trips



छात्र-छात्राओं ने मशरूम व स्ट्रॉबेरी फार्मिंग का किया भ्रमण

पानीपत, 22 फरवरी (खर्ब): आई.बी. महाविद्यालय के बी.एससी. मैडीकल, बी.सी.ए. व बी.ए. के छात्र-छात्राओं ने जीव विज्ञान और ईको क्लब के संयोजन में गांव बजाना कलां सोनीपत के मशरूम और स्ट्रॉबेरी फार्मिंग का भ्रमण किया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को इस भ्रमण से पहले सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का एक आयाम यह भी है कि हम आत्मनिर्भर होकर रोजगार सृजन भी करें। इस तरह की उन्नत खेती करने वाले किसानों से हम अवश्य ही काफी कुछ सीख सकते हैं। भ्रमण के दौरान मशरूम फार्म में विद्यार्थियों ने जाना कि मशरूम एक तरह का पौधा है जो वास्तव में फंगस है, पर इसमें प्रोटीन एवं पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, विशेषतया विटामिन डी। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने यह समझा कि मशरूम की खेती करने के लिए खाद कैसे बनाई जाती है।

बजाना कलां में बटन मशरूम का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों को स्ट्रॉबेरी फार्मिंग की भी जानकारी दी गई जिसमें प्रो. पवन कुमार द्वारा स्ट्रॉबेरी के अद्भुत फायदे भी बताए गए। उन्होंने जानकारी देने वाले दोनों किसानों हरपाल और बलराज का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के पूर्व छात्र लियाकत अली और लाइट हाऊस इंटरनैशनल स्कूल के संस्थापक संदीप कुमार का अतुलनीय योगदान रहा। इस एक दिवसीय भ्रमण में लगभग 50 विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रो. अंजलि गुप्ता, प्रो. अंजूश्री, प्रो. रजनी, प्रो. किरण भाटिया, प्रो. भावना एवं प्रो. मोनिका मौजूद रहे।

*फार्मिंग का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करते छात्राएं। (पंकेस)*







**Mushroom and Strawberry Farm at Village Bajana Kalan District - Sonipat**

# ECO-CLUB

**Educational Field Trip**

# बीसीए व बीएससी के छात्रों ने री-साइकिल के बारे में जाना




री-साइक्लिंग प्लांट की ट्रिप के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

**भास्कर न्यूज | पानीपत**

आईबी पीजी कॉलेज ने सोमवार को नूरवाला स्थित एक्सिगो री-साइक्लिंग प्लांट का एक दिवसीय इंडस्ट्रियल ट्रिप का आयोजन किया। इसमें बीसीए प्रथम वर्ष और बीएससी (मेडिकल) के 80 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) से बेकार होने के कारण फेंक दिया जाता है। इसमें से कुछ चीजें री-प्रोसेस की जा सकती हैं। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को री-साइकिल किए जाने के प्रोसेस को समझाया। इस दौरान प्लांट के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन अशोक शर्मा, सचिन कुमार, प्रो. पवन कुमार, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजलि गुप्ता, प्रो. विनय भारती, प्रो. अन्जुश्री और प्रो. रजनी आदि मौजूद रहे।

# ECO-CLUB

## Activities












# आईबी कॉलेज में फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शालिनी दास और प्रश्नोत्तरी में वीरेंद्र प्रथम

## 47 साइटों को अंतरराष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड के रूप में नामित किया

भास्कर न्यूज | पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में मंगलवार को विश्व वेटलैंड दिवस पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि विज्ञान के इस युग में विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को व्यवहारिक रखना चाहिए। ताकि वह अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। डॉ. निधान सिंह और प्रो. पवन कुमार ने विश्व वेटलैंड दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर साल 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाया जाता है। भारत में वर्तमान में 1,090,230 हेक्टेयर के सतह क्षेत्र के साथ 47 साइटों को अंतर्राष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड (रामसर साइट) के रूप में नामित किया गया है।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता में चयनित की गई फोटो।

### इस प्रकार रहे परिणाम

**फोटोग्राफी**

- **प्रथम**- शालिनी दास, जस्टिस बशीर अहमद सईद कॉलेज फॉर वुमन, चेन्नई।
- **द्वितीय**- मनप्रीत कौर, राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज साहा, अंबाला
- **तृतीय**- स्वाति त्यागी, आईबी पीजी कॉलेज।

**प्रश्नोत्तरी**

- **प्रथम**- वीरेंद्र, आईबी पीजी कॉलेज
- **द्वितीय**- शालिनी दास, जस्टिस बशीर अहमद सईद कॉलेज फॉर वुमन, चेन्नई।
- **तृतीय**- काजोल तुरन, पंडित चिरंजीलाल गवर्नमेंट कॉलेज, करनाल।

# ECO-CLUB

## Activities









## Exhibits

# ECO-CLUB




Activities







Exhibits

# ECO-CLUB




Exhibits






# ECO-CLUB

## Activities

### I.B.(PG) COLLEGE, PANIPAT

AFFILIATED TO KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA (HARYANA)

**BIOLOGICAL ASSOCIATION & ECO CLUB**

**ORGANISES**

**NATIONAL LEVEL ONLINE QUIZ AND SLOGAN WRITING COMPETITION**

**ON**

**REACHING THE ZERO MALARIA TARGET**

**CELEBRATING**

**WORLD MOSQUITO DAY- 2022**

**AUGUST 20, 2022**

| Patron | Convener | Co - Convener |
|---|---|---|
| Dr. Ajay Kumar Garg | Dr. Nidhan Singh | Prof. Pawan Kumar |
| Principal | Associate Professor | Assistant Professor |

| Name | Value |
|---|---|
| Game Started On | Sat 20 Aug 2022,11:00 AM |
| Game Type | Instructor-paced quiz |
| Participants | 138 |
| Total Attempts | 138 |
| Class Accuracy | 24% |
| Game Ends On | Sat 20 Aug 2022,11:39 AM |

Quizizz

### आज समाज

पानीपत, रविवार, 21 अगस्त 2022 **03**

# आईबी कॉलेज के जीवविज्ञान एसोसिएशन ऑनलाइन प्रतियोगिता का किया आयोजन

आज समाज नेटवर्क

पानीपत। आईबी कॉलेज के जीवविज्ञान एसोसिएशन और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता करवाई गई, जिसका विषय था "जीरो मलेरिया के लक्ष्य तक पहुंचना" और इसके लिए आज का अवसर चुना गया क्योंकि आज विश्व मॉस्किटो दिवस है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वाति त्यागी, आईबी महाविद्यालय पानीपत, द्वितीय स्थान मेघना, के.एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वीमेन, फरीदाबाद और तृतीय स्थान काजोल तुरण पंडित चिरंजी लाल शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज, करनाल ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने आज के विषय में बताया भारत समेत दुनिया के अधिकांश देश मच्छर के प्रकोप और उससे होने वाली बीमारियों से जूझ रहे हैं। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका जैसी अनेकों बीमारियां हैं जो मच्छर के काटने से फैलती हैं। जानलेवा मच्छरों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. पवन कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को नए आयाम प्रदान करती हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि 20 अगस्त 1897 को ही ब्रिटिश डॉ. सर रोनाल्ड रॉस ने मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जो मलेरिया का कारण है। यही वजह है कि इस दिन को विश्व मच्छर दिवस



Swati Tyagi
I B (PG) College,
Panipat
FIRST Position



Meghna
K.L Mehta Dayanand
College for Women,
Faridabad
SECOND Position



Kajol Turan
Pt. C.L.Sharma
College, Karnal
THIRD Position

विश्व मॉस्किटो दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागी।

के रूप में याद किया जाता है। डॉ. निधान सिंह ने बताया कि इस दिवस के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं परंतु ऐसा कोई भी देश नहीं है जहां मच्छरों से समस्यायें न होती हों। मच्छरों से बचाव ही इनसे बचने का एक मात्र उपाय है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजलि गुप्ता और जीवविज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापकों ने अहम भूमिका निभाई।

### I.B.(PG) COLLEGE,PANIPAT

AFFILIATED TO: KURUKSHETRA UNIVERSITY KURUKSHETRA,HARYANA

**CERTIFICATE**

This certificate awarded to

**ABHINAV TIWARI**

FROM


**I.B.(PG) COLLEGE, PANIPAT**

for participation in National Level Quiz Competition titled "Reaching the Zero Malaria Target" jointly organized by Biological Association & Eco Club on occasion of "World Mosquito Day-2022" on 20.08.2022.

| DR. AJAY KUMAR GARG | DR. NIDHAN SINGH | PAWAN KUMAR |
|---|---|---|
| PRINCIPAL | CONVERER | CO-CONVENER |

# ECO-CLUB

## Museum







## Paper Bowls using Waste Papers



# ECO-CLUB





## Online price of Paper Bowl

# ECO-CLUB

**Eco packaging**

**Rescued Plastic Bottles used**








**Preparation of Bio Enzyme:**

1. Jaggery (Gud) – 1 portion.
2. Citrus peels - 3 portions (Orange, Sweet lime, Lemon , Banana, etc.)
3. Water - 10 portions.

**Uses:** 1. As a cleaner and disinfectant various surfaces of the home like the glass windows, floor etc.
2. Biofertilizer, Herbicide and Natural Pesticide.

# ECO-CLUB




## Online price of Bioenzyme

# ECO-CLUB



## Museum



Stuffed animal model made from rice straw

# ECO-CLUB

## Museum




Decorated Flower Pots

# ECO-CLUB

## Museum





Nature of mother earth in your hands

# ECO-CLUB

## Museum




Fountains made from waste materials

# ECO-CLUB

## Museum



Nest made from coconut fibres




Calander made from wastes

# ECO-CLUB

## Museum





Wall decors made from Newspapers

# ECO-CLUB

## Vermicompost Unit





Vermicompost Unit- Initial stage

# ECO-CLUB



**Vermicompost Unit - Raw material (Grass, Plant leaves etc.)**







# ECO-CLUB





**Vermicompost Unit - Raw material (Cattle Dung)**

# ECO-CLUB







Vermicompost Unit- Ready for Decomposition

# ECO-CLUB









**Vermiculture**
**(*Eisenia fetida*)**
**Earthworm species**



# ECO-CLUB





**Vermicompost Unit – Decomposed Organic Matter (Vermicompost ) steps for using in the plants .**

# ECO-CLUB

## Session: 2022-24

# ECO-CLUB

**Celebration of Teej Festival on 30.07.2022**

## संस्कारशाला क्लब, वूमेन सेल व इको क्लब ने तीज पर्व मनाया



आईबी कालेज में संस्कारशाला क्लब, वूमेन सेल व इको क्लब तीज पर्व पर सम्मानित करते हुए। छाया : मोहन लाल

**सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल पानीपत :** जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब, वूमेन सेल और इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में तीज का त्योहार मनाया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ समय-समय पर अलग-अलग त्योहारों को भी अहमियत दी जाती है। महाविद्यालय में तीज का त्योहार पर तंबोला एवं मेहंदी की गतिविधियां करवाई गई। तंबोला का संचालन प्रो.राजेश बाला और प्रो. रुहानी शर्मा ने किया। तंबोला में प्रथम पुरस्कार वाणज्यि विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, द्वितीय पुरस्कार प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग व तृतीय पुरस्कार प्रो. रीना को मिला। इस अवसर पर संस्कारशाला क्लब, वूमेन सेल व इको क्लब के स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।


I.B.(PG) COLLEGE, PANIPAT
AFFILIATED TO KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA (HARYANA)
BIOLOGICAL ASSOCIATION & ECO CLUB
JOINTLY ORGANIZE
NATIONAL LEVEL ONLINE
PHOTOGRAPHY AND POSTER MAKING COMPETITION
ON THE THEME
"Invest in Our Planet"
APRIL 22, 2023
CELEBRATING
INTERNATIONAL EARTH DAY- 2023
Patron
Dr. Ajay Kumar Garg
Principal
Convener
Dr. Nidhan Singh
Associate Professor
Co - Convener
Prof. Pawan Kumar
Assistant Professor

# ECO-CLUB




साँसे हो रही हैं कम,
आओ पेड़ लगाए हम



# Celebrated world Environment Day-2023 on 05.06.2023

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कराए पांच संकल्प




**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर जीव विज्ञान परिषद, ईको क्लब और पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संक्षिप्त कार्यक्रम किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच संकल्प कराए। इसमें कचरे के प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने, बेहतर प्रबंधन के लिए सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग व्यवस्थित रखने और पौधरोपण का संकल्प मुख्य रहा। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार स्तंभ है मौके पर डॉ. हिमांशी, डॉ. अंजली, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजुश्री, प्रो. रजनी, पंकज व ओमपाल मौजूद रहे। संवाद


आज समाज
पानीपत, मंगलवार, 06 जून, 2023
03


## विश्व पर्यावरण दिवस पर आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने लिए पांच संकल्प

अनुरेखा लांबरा/कैथवास




**पानीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आई.बी. महाविद्यालय के जीव विज्ञान परिषद, इको क्लब और पर्यावरण विभाग ने मिलकर एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया।

\इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच संकल्प लिए। उन्होंने संकल्प लिया कि हम कचरे के प्रबंधन का विशेष ध्यान रखेंगे, बेहतर प्रबंधन के लिए सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग व्यवस्थित रखेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि सभी प्राणियों के लिए शुद्ध वायु उपलब्ध रहे, इस मकसद की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक ई-वाहनों का प्रयोग करेंगे, और जहां तक संभव हो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करेंगे। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि अगर कहीं पर पेड़ कट रहे हैं तो उससे ज्यादा पेड़ हम वहां लगाएंगे अथवा लगवाएंगे, जिससे पेड़ कटने के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान निकालने के लिए हम प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग कम से कम करेंगे और दूसरों को भी प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों ने यह भी संकल्प लिया कि पेड़ पौधे, धरती, मिट्टी, जीव जंतु, और जल सभी को सुरक्षित रखने में हम अपना हर संभव योगदान देंगे। इस महत्त्वपूर्ण दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार स्तंभ है और पर्यावरण में होने वाले किसी भी नुकसान का सीधा असर धरती पर रहने वाले जीव जंतुओं पर पढ़ना अवश्यंभावी है। वनस्पति विज्ञान के विभाग के अध्यक्ष डॉ. निधान सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में पर्यावरण को मनुष्य के कारण भयंकर नुकसान झेलने पड़ रहे हैं, और अगर ऐसा चलता रहा तो हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ हवा, साफ पानी और साफ मिट्टी को तरस जाएंगे। प्रो. पवन कुमार ने कहा कि हमारी सबकी यह सामूहिक जिम्मेवारी है कि पर्यावरण को साफ रखने में हम जितना अधिक से अधिक सहयोग कर सकते हैं, करना चाहिए। आई.बी.(एल) शिक्षण सोसाइटी के उप- प्रधान परमवीर ढींगरा भी इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शामिल हुए और उन्होंने पर्यावरण के इस संदेश को समाज के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी, डॉ. अंजली, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजुश्री, प्रो. रजनी, पंकज एवं ओमपाल उपस्थित रहे।

## पर्यावरण का नुक्सान सीधा जीवों पर : डा.अजय

सवेरा न्यूज/सतीश शर्मा पानीपत : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईबी महाविद्यालय के जीव विज्ञान परिषद, इको क्लब और पर्यावरण विभाग ने मिलकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच संकल्प लिए। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार स्तंभ है और पर्यावरण में होने वाले किसी भी नुकसान का सीधा असर धरती पर रहने वाले जीव जंतुओं पर पढ़ना अवश्यंभावी है। आईबी एल शिक्षण सोसाइटी के उप. प्रधान परमवीर ढींगरा भी इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी, डॉ. अंजली, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजुश्री, प्रो.रजनी, पंकज एवं ओमपाल उपस्थित रहे।




आईबी कालेज में पर्यावरण दिवस पर मौजूद स्टाफ सदस्य। (मोहन लाल)










सच कहूँ ਸੱਚ ਕਹੂੰ 18 Aug 2023 - Page 12

# आईबी महाविद्यालय में पौधारोपण सप्ताह मनाया

**सच कहूँ/ सन्नी कथूरिया**



**पानीपत।** जीटी रोड स्थित स्थानीय आई बी पी जी महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, इको क्लब और संस्कारशाला क्लब द्वारा कारगिल विजय दिवस पर पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण सप्ताह मनाया गया। जिसका थीम था "सर्व द नेचर सर्व द नेशन" । इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अलग-अलग तरह के पौधे लगाकर अपनी फोटो महाविद्यालय की मेल पर भेजी। इस एक्टिविटी में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. गुरनाम, प्रो. शीला मलिक, प्रो. प्रिया बरेजा ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कीर्ति बी ए फाइनल ईयर, द्वितीय स्थान सौरभ बीकॉम सेकंड ईयर और तृतीय स्थान साक्षी बी ए सेकंड ईयर ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस महीने मानसून सक्रिय रहता है जिससे पेड़ पौधों में तेजी से वृद्धि होती है। संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रोफेसर अश्विनी ने कहा कि यह पृथ्वी पर तापमान को बढ़ने से भी रोकते हैं और हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं । एन एस एस के संयोजक डॉ जोगेश कुमार ने कहा कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है पेड़ पौधों के बिना हम अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।एक सामान्य पेड़ प्रतिवर्ष 118 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्पादित करता है यानि दो पेड़ 4 लोगों के परिवार के लिए पर्याप्त है। यह प्रदूषण को भी कम करते हैं ।

दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

# आईबी कालेज के विद्यार्थियों ने निकाली पर्यावरण जागरुकता रैली

**सवेरा न्यूज/ मोहन लाल**



पर्यावरण जागरूकता रैली निकालते हुए आईबी कालेज के विद्यार्थी। (मोहन लाल)

पानीपत, 4 नवंबर : आई बी महाविद्यालय में आज पर्यावरण विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पानीपत एवं एनसीआर में प्रदूषण के भयानक स्तर को देखते हुए विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करने के लिए प्रो.अंजलि गुप्ता की अगुवाई में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। डॉ.मोहम्मद ईसाक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बताया की बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोग आंख और नाक में जलन महसूस कर रहे हैं और सांस लेना मुश्किल हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि वर्तमान में हम गैस चैम्बर में जी रहे हैं अगर जल्दी ही इस प्रदूषण का इलाज न किया गया तो परिणाम और घातक हो सकते हैं। उन्होंने आगे बताया की दिल्ली.एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। नवंबर के महीने में ही प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। सुबह और शाम को स्मॉग की चादर बिछने लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि प्रदूषण का यह स्तर खतरनाक है। बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कत बढ़ सकती है। इको क्लब के संयोजक प्रो.पवन कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. अंजलि गुप्ता ने बताया कि प्रदूषित हवा में कई तरह की जहरीली गैस घुली होती हैं। उन्होंने कहा कि कि आगे भी ऐसे ही जागरूकता प्रोग्राम किये जाते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ.निधान सिंह, प्रो.पवन कुमार, डॉ.अंजलि, प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.विनय भारती, प्रो.मानित कौर, प्रो.निशा गुप्ता, टिंकू, गणेश, नरेंद्र एवं स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

HARYANA Edition
Nov 5, 2023 Page No. 19
Powered by : eReleGo.com

**न्यूज डायरी**

## विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में पर्यावरण विभाग एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रदूषण के भयानक स्तर को देखते हुए विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करने के लिए शनिवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बीसीए प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए जागरूकता संबंधी स्लोगन के साथ प्रदूषण जागरूकता रैली पचरंगा और पालिका बाजार में से निकाली गई, जिससे आमजन और दुकानदार जागरूक हो सके। प्रो. अंजलि गुप्ता की अगुवाई में डॉ. मोहम्मद ईसाक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बताया कि बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोग आंख और नाक में जलन महसूस कर रहे हैं। संवाद

Awareness Rally on Environmental Pollution on
04.11.2023

## विद्यार्थियों ने निकाली पर्यावरण जागरुकता रैली




**पानीपत, (कौशिक) :** आई बी महाविद्यालय में आज पर्यावरण विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पानीपत एवं एनसीआर में प्रदूषण के भयानक स्तर को देखते हुए विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करने के लिए प्रो.अंजलि गुप्ता की अगुवाई में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। डॉ.मोहम्मद ईसाक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बताया की बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोग आंख और नाक में जलन महसूस कर रहे हैं और सांस लेना मुश्किल हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि वर्तमान में हम गैस चैम्बर में जी रहे हैं अगर जल्दी ही इस प्रदूषण का इलाज न किया गया तो परिणाम और घातक हो सकते हैं। उन्होंने आगे बताया की दिल?ली.एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। नवंबर के महीने में ही प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। सुबह और शाम को स्मॉग की चादर बिछने लगी है। इस अवसर पर डॉ.निधान सिंह, प्रो.पवन कुमार, डॉ.अंजलि ,प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.विनय भारती, प्रो.मानित कौर, प्रो.निशा गुप्ता, टिंकू, गणेश, नरेंद्र एवं स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

CMYK

# ECO-CLUB

## THANK YOU